YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 16.11.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# स्टूडेंट्स के इनोवेटिव प्रोजेक्ट को विवि देगा वित्तीय सहयोग : प्रो. दिनेश कुमार

## वाईएमसीए यूनिवर्सिटी का रिसर्च के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने है उद्देश्य

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को अनुसंधान के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स के लिए वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बुधवार को घोषणा की है कि विद्यार्थियों के ऐसे नवीन प्रोजेक्ट, जो नवीनतम प्रौद्योगिकी पर आधारित होंगे, उन्हें एक लाख रुपए तक की फंडिंग विश्वविद्यालय की ओर से की जाएगी।

सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स कोरिया द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 'इंटरनेट आफ थिंग्स' (आईओटी) विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए उन्होंने यह बात कही। सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स कोरिया की टीम ने विश्वविद्यालय के बीटेक, आईटी व कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों के साथ आईओटी आधारित उत्पादों पर चर्चा की। प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें बाल एवं महिला सुरक्षा को लेकर अपने इनोवेटिव आइडिया प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 50 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिन्हें सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स कोरिया के प्रतिनिधियों द्वारा तकनीक की कसौटी पर परखा गया। इस मौके पर चयनित तीन सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, आईटी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा व प्रो. सीके नागपाल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आईओटी आधारित तकनीक का है। सबसे ज्यादा रोजगार इसी क्षेत्र में सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि सेंसर, क्लाउड कम्प्यूटिंग व प्रोग्रामिंग कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां विद्यार्थियों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।



फरीदाबाद. प्रतियोगिता के विजेता स्टूडेंट्स के साथ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ।

### हरीश के प्रोजेक्ट को मिला प्रथम पुस्कार

विद्यार्थियों ने सेंसर व क्लाउड कम्प्यूटिंग के माध्यम से आईओटी आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इसमें विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार अंगूठी, बाली व कंगन को आईटी उपकरणों में तब्दील किया जा सकता है, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सुरक्षा के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसमें पहला पुरस्कार भूपेन्द्र व हरीश राणा के 'स्मार्ट रिंग' प्रोजेक्ट को मिला। दूसरा पुरस्कार अभिषेक सरोहा व अमन प्रताप के 'फ्यूचर स्मार्ट डिवाइस' को मिला। तीसरा पुरस्कार राजीव कुमार व मनु दत्त भारद्वाज के प्रोजेक्ट को मिला।

**NEWS CLIPPING: 16.11.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# अंतर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में वाईएमसीए 39-11 से बना विजेता



फरीदाबाद. विजेता टीम के खिलाड़ी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के साथ।

**फरीदाबाद**|वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग में अंतर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस जीत पर टीम का हौसला बढ़ाया। वाईएमसीए विश्वविद्यालय की महिला टीम ने फाइनल में एनजीएफ कॉलेज को 39-11 से हराया। सत्या कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में वाईएमसीए विश्वविद्यालय की टीम ने श्रीराम कॉलेज को हराकर खिताबी मुकाबला जीता। एनजीएफ कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही। एनजीएफ कॉलेज पलवल में आयोजित अंतर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में फरीदाबाद व पलवल जिले के 16 कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें वाईएमसीए विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा।

**NEWS CLIPPING: 16.11.2017**

**HINDUSTAN**



# नई रिसर्च को आर्थिक मदद मिलेगी

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नवीन विचार परियोजनाओं और अनुसंधानों के लिए छात्रों को प्रोहत्साहित करने के उद्देश्य से वित्तीय सहायता देगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बुधवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि छात्रों की ऐसी नवीन विचार की परियोजनाएं जो नवीन प्रौद्योगिकी पर आधारित हों, उनको एक लाख रुपये तक की मदद विश्वविद्यालय देगा।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कोरिया की ओर से परिसर में ह्यइंटरनेट आफ थिंग्सह्न (आईओटी) विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के उपरांत कुलपति छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आईओटी आधारित तकनीक का है और सबसे

## घोषणा

- नवीन प्रौद्योगिकी परियोजनाओं को एक लाख तक की मदद
- इंटरनेट आफ थिंग्स विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया

ज्यादा रोजगार इसी क्षेत्र में सृजित होंगे।

सेंसर, क्लाउड कम्प्यूटिंग तथा प्रोग्रामिंग कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां छात्रों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कोरिया की टीम ने विश्वविद्यालय के बी.टेक आईटी व कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थियों के साथ आईओटी आधारित उत्पादों पर चर्चा की इस प्रतियोगिता में छात्रों ने 50 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिन्हें सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कोरिया के प्रतिनिधियों द्वारा तकनीक की कसौटी पर परखा गया। इस अवसर पर चयनित तीन सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, आईटी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा तथा प्रो. सी.के नागपाल आदि मौजूद रहे।

प्रोजेक्ट में छात्रों ने बताया गया कि किस प्रकार अंगूठी, बाली और कंगन को आईटी उपकरणों के तब्दील किया जा सकता है, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सुरक्षा के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसमें पहला पुरस्कार भूपेन्द्र व हरीश राणा के स्मार्ट रिंग प्रोजेक्ट को मिला। दूसरा पुरस्कार अभिषेक सरोहा व अमन प्रताप के फ्यूचर स्मार्ट डिवाइस को मिला और तीसरा पुरस्कार राजीव कुमार व मनू दत्त भारद्वाज के रक्षिता प्रोजेक्ट को मिला।

**NEWS CLIPPING: 16.11.2017**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए की टीम ने कबड्डी का खिताब जीता

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की कबड्डी टीमों ने अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता जीत ली है। पलवल स्थित एनजीएफ कॉलेज में हुई अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में फरीदाबाद व पलवल जिले के करीब 16 कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय की महिला टीम ने फाइनल मैच में एनजीएफ कॉलेज को 39-11 से हराया, जबकि सत्या कॉलेज इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम ने

## मुकाबला

- विवि की महिला टीम ने एनजीएफ कॉलेज को 39-11 से हराया
- पुरुष कबड्डी टीम ने श्रीराम कालेज को हराया

श्रीराम कालेज को धूल चटाकर खिताबी मुकाबला जीता। इसमें एनजीएफ कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही। विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. राजेश भारद्वाज ने बताया कि एनजीएफ कॉलेज में आयोजित अंतर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया।



फरीदाबाद वाईएमसीए के विजेता कबड्डी खिलाड़ियों को कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बुधवार को सम्मानित किया। • हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING: 16.11.2017**

**AMAR UJALA**

## अनुसंधान के लिए छात्रों को मिलेगा वित्तीय सहयोग

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को अनुसंधान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के ऐसे प्रोजेक्ट जो नवीनतम प्रौद्योगिकी पर आधारित हों, उन्हें एक लाख रुपये तक की फंडिंग विश्वविद्यालय की ओर से की जाएगी।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कोरिया द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं के सम्मान समारोह को वह संबोधित कर रहे थे। सैमसंग की टीम ने विश्वविद्यालय के बीटेक आईटी व कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों के साथ आईओटी आधारित उत्पादों पर चर्चा की तथा प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें बाल एवं महिला सुरक्षा को लेकर अपने इनोवेटिव आइडिया प्रस्तुत करने को कहा। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 50 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिन्हें सैमसंग के प्रतिनिधियों द्वारा तकनीक की कसौटी पर परखा गया। ब्यूरो

## वाईएमसीए विश्वविद्यालय बना कबड्डी चैंपियन

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष कबड्डी टीम ने इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने खिलाड़ियों को जीत पर बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाया। वाईएमसीए विश्वविद्यालय की महिला टीम ने फाइनल में एनजीएफ कॉलेज को 39-11 से हराया, जबकि सत्य कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। पुरुष वर्ग में वाईएमसीए विश्वविद्यालय की टीम ने श्रीराम कॉलेज को हराकर खिताबी मुकाबला जीता और एनजीएफ कॉलेज तीसरे स्थान पर रही। विवि के खेल अधिकारी डॉ. राजेश भारद्वाज ने बताया कि पलवल में आयोजित प्रतियोगिता में फरीदाबाद व पलवल के 16 कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया। ब्यूरो



**NEWS CLIPPING: 16.11.2017**

**PUNJAB KESARI**

# अंतर कॉलेज कबड्डी में वाईएमसीए चैंपियन



फरीदाबाद, 15 नवम्बर (ब्यूरो): पलवल में संपन्न हुए अंतर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद की कबड्डी टीम ने पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में अंतर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यूनिवर्सिटी की इस कामयाबी पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने खिलाड़ियों को जीत पर बधाई दी व उनका हौसला बढ़ाया। वाईएमसीए विश्वविद्यालय की महिला टीम ने फाइनल में एनजीएफ कॉलेज को 39-11 से हराया, जबकि सत्य कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में वाईएमसीए विश्वविद्यालय की टीम ने श्रीराम कॉलेज को हराकर खिताबी मुकाबला जीता तथा एनजीएफ कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही।

विश्वश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. राजेश भारद्वाज ने बताया कि एनजीएफ कॉलेज पलवल में आयोजित अंतर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में फरीदाबाद व पलवल जिले के 16 कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें वाईएमसीए विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा तथा खिलाड़ियों ने पुरूष व महिला दोनों वर्गों में खिताब अपने नाम किए।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 16 November 2017 epaper.punjabkesari.in//c/23767529

**NEWS CLIPPING: 16.11.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

# YMCA की छात्राएं बनीं कबड्डी चैंपियन

■ **स, फरीदाबाद** : एनजीएफ कॉलेज पलवल में चल रही इंटर-कॉलेज खेल प्रतियोगिता में वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलजी की छात्राओं ने कबड्डी में पहला स्थान हासिल किया है। जीत के बाद बुधवार को यूनिवर्सिटी आई टीम से मिलकर कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने शुभकामनाएं दीं।

**NEWS CLIPPING: 16.11.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए विवि की टीमों ने खिताबी मुकाबला जीता



विजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ● जागरण

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला कबड्डी टीम ने अंतर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने खिलाड़ियों को जीत पर बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाया।

वाईएमसीए की महिला टीम ने फाइनल में एनजीएफ कॉलेज को 39-11 से हराया, जबकि सत्य कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा।

पुरूष वर्ग में विश्वविद्यालय की टीम ने श्रीराम कॉलेज को हराकर खिताबी मुकाबला जीता और एनजीएफ कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही। विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. राजेश भारद्वाज ने बताया कि अंतर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में फरीदाबाद व पलवल जिले के 16 कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया।